जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 3 ● कटनी ● गुरुवार, 3 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

फटाफट खबरें

## अरुणाचल के मासूम पर चीन की बर्बरता

**एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के युवक को 18 जनवरी को चीनी सेना ने बॉडर्ज़ से अगवा कर लिया था। उसे भारत को सौंपने से पहले 8 दिन तक टॉर्चर किया गया। करीब 200 घंटे तक चीनी सेना के हिरासत में रहे युवक मिराम तारोन ने इस मामले में आप-बीती सुनाई है। दिए हालिया इंटरव्यू में 17 साल के मिराम ने कहा- मुझे नहीं पता था कि वे मुझे भारतीय इलाके में ले जा रहे थे या कहीं और। मुझे लगा कि वे मुझे अपने शहर ले जाएंगे और मुझे मार डालेंगे। चीनी सैनिकों आंख पर पट्टी बांधकर मुझे एक कैंप में ले गए। मैं डर गया था, लेकिन डर के मारे रो भी नहीं पा रहा था और कांप रहा था।

## रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए 3 हजार अमेरिकी सैनिक पोलैंड-जर्मनी में तैनात होंगे

एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन विवाद पर एक अहम फैसला किया। बाइडेन ने व्हाइट हाउस में पेंटागन के अफसरों के साथ एक इमरजेंसी मीटिंग के बाद 2 हजार अमेरिकी सैनिकों के जमज़्नी और पोलैंड में तैनात करने का आदेश दिया। रिपोट्सज़् के मुताबिक, अमेरिकी सैनिक बहुत जल्द इन देशों के लिए रवाना हो जाएंगे। बाइडेन का फैसला इसलिए अहम हो जाता है, क्योंकि अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन मसले पर बातचीत अटक गई है। दूसरी तरफ, रूस यूक्रेन को तीन तरफ से घेर रहे है। अमेरिका और नाटो को आशंका है कि रूसी सैनिक बेलारूस की सीमा से यूक्रेन पर हमला बोल सकते हैं। यहां करीब 13 हजार रूसी सैनिक तैनात हैं। इस बीच ब्रिटेन और कनाडा ने भी अपने और सैनिक यूक्रेन भेजे जाने को मंजूरी दे दी है।

## 12 साल बाद राजस्थान में रिकॉर्ड ठंड,जनवरी में 18 दिन चली शीतलहर

**राजस्थान।** जनवरी महीने में पड़ी ठंड ने 12 साल का रिकॉर्ड तोड दिया। 18 दिन शीतलहर चली, घने कोहरे ने भी जन-जीवन प्रभावित किया। 7 दिन बारिश-ओलावृष्टि के रहे। वहीं कडाके की ठंड ने मौसम विभाग के दावे को फेल कर दिया। मौसम विभाग ने कम सर्दी पड़ने का दावा किया था।इस बार रात के साथ-साथ दिन में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक हिमांशु शर्मा की माने तो तेज सर्दी के पीछे कारण इस बार लगातार और स्ट्रॉन्ग पश्चिमी विक्षोभ रहा। राजस्थान में एक के बाद एक 4 पश्चिमी विक्षोभ आए, जिसके कारण बारिश भी ज्यादा हुई। यही कारण रहा कि जयपुर समेत राज्य के कई जिलों में जनवरी के 31 दिनों में से 18 दिन कोल्ड डे के रहे।

## कोवीशील्ड से मौत का आरोप

बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर

# डॉक्टर बेटी की मौत के बाद पिता ने 1,000 करोड़ रुपए का मुआवजा मांगा

**महाराष्ट्र। महाराष्ट्र से कोरोना वैक्सीन को लेकर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए एक मेडिकल प्रोफेसर के पिता ने 1,000 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। याचिका में उन्होंने ये आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मौत कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट से हुई है।**



याचिका में कोवीशील्ड वैक्सीन बनाने वाले सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, इसके सहयोगी बिल गेट्स, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता दिलीप लूनावत के अनुसार, उनकी 33 वर्षीय बेटी स्नेहल लूनावत नागपुर के एक मेडिकल कॉलेज में सीनियर लेक्चरर थी। उसने 28 जनवरी 2021 को कोवीशील्ड की पहली डोज नासिक में ली थी। 5 फरवरी को उसके सिर में तेज दर्द हुआ। डॉक्टर से संपर्क करने पर उसे माइग्रेन की दवा दी गई, जिसे खाकर उसे बेहतर महसूस हुआ। इसके बाद 6 फरवरी को उसने गुड़गांव यात्रा की और 7 फरवरी की सुबह 2 बजे उसे थकान के साथ उल्टी हुई।पास के आर्यन अस्पताल में भर्ती होने पर स्नेहल को कहा गया कि उसके ब्रेन में ब्लीडिंग हो सकती है। न्यूरोसर्जन मौजूद न होने के कारण उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर्स ने स्नेहल को दिमाग में खून का थक्का होने की आशंका जताई, जिसके बाद उसे ब्रेन हैमरेज हुआ। डॉक्टर्स ने खून का थक्का हटाने की सर्जरी की। इसके बाद स्नेहल 14 दिन वैंटिलेटर पर भी रही, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

## निडिल फ्री कोरोना वैक्सीन की सप्लाई शुरू

# फिलहाल 7 राज्यों में किया जाएगा इस्तेमाल

कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक और वैक्सीन CoV-D की सप्लाई शुरू हो गई है। खास बात ये है कि यह वैक्सीन निडिल फ्री है यानी इसे लगवाने के लिए किसी प्रकार की सुई चुभने का दर्द सहन नहीं करना होगा। हालांकि अब तक बाजार में आई अन्य कोरोना वैक्सीन की तरह इसके दो नहीं बल्कि तीन डोज लगाए जाएंगे। यह दुनिया की पहली ऐसी वैक्सीन है, जो डीएनए बेस्ड और निडिल फ्री है। इस वैक्सीन को अहमदाबाद की फॉर्मा कंपनी जायडस कैडिला ने तैयार किया है। बुधवार से कंपनी ने इसकी सप्लाई केंद्र सरकार को शुरू कर दी। केंद्र सरकार ने फिलहाल इसकी 1 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया है। यह वैक्सीन उन



लोगों को लगाई जाएगी, जिन्हें अब तक किसी भी वैक्सीन का एक भी डोज नहीं लगा है।उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब समेत सात राज्यों को भी सप्लाई शुरूकंपनी ने COV-D वैक्सीन की सप्लाई केंद्र सरकार के साथ ही सात राज्यों को भी इसकी सप्लाई देनी शुरू कर दी है। इन राज्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब और झारखंड शामिल हैं।कंपनी इसे जल्द ही खुले बाजार में मेडिकल स्टोर्स पर भी बिक्री के लिए उतारेगी। इसकी कीमत 265 रुपए रखी गई है, जबकि 93 रुपए का एप्लीकेटर (इस वैक्सीन को लगाने वाला उपकरण) अलग से खरीदना होगा। इस तरह इसकी कुल कीमत 358 रुपए होगी। 12 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए है वैक्सीन CoV-D को फिलहाल सात राज्यों के लोगों को ही लगाया जाएगा। यह पहली ऐसी वैक्सीन है, जिसे ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने 12 वर्ष और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को लगाने की मंजूरी दी है।

## शादी में 250 लोगों के शामिल होने की शर्त हट सकती है

# कोरोना पाबंदियों में मिल सकती है राहत:आंगनबाड़ियां भी खुलीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने 1 फरवरी से कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूल खोल दिए हैं। इसके बाद आंगनबाडी केंद्रों को भी खोल दिया है। गुरुवार से कोरोना प्रोटोकॉल के तहत प्रदेशभर में आंगनबाडी केंद्र खोले जा सकेंगे। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश सरकार ने संकेत दिए हैं कि यदि कोरोना को लेकर यही स्थिति बनी रही, तो पाबंदियां जल्द ही कम की जा सकती हैं। इसमें शादी समारोह में 250 लोगों के शामिल होने की शर्त भी खत्म की जा सकती है। मध्यप्रदेश में कोरोना पॉजिटिविटी रेट में लगातार कमी आ रही



है।क्राइसिस कमेटी के मेंबर डॉ. निशांत खरे का कहना है कि पाबंदियां दो प्रमुख बातों को ध्यान में रखकर कम की जाती हैं। पहली बात कि अप्रत्याशित तौर पर पॉजिटिव केस की संख्या न बढे। दूसरी यह कि संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। एक समय पर केस की संख्या से घटने-बढने से ज्यादा असर नहीं प ?ता है। अभी हॉस्पिटल एडमिशन रेट बहुत कम हैं। यदि यह रेट कम रहता है और संसाधन उपलब्ध रहते हैं, तो निश्चित रूप से सख्ती कम की जा सकती है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए शादी समारोह सहित अन्य चीजों में राहत दे सकते हैं।डॉ. खरे कहते हैं कि स्कूल कभी न कभी खुलने ही थे। इससे सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों का हो रहा था। बाकी चीजें लगभग-लगभग खुली हैं। वर्तमान में जो पांबदिया हैं, उनको एनालिसिस कर समय अनुसार तय किया जा सकता है।

## हाईकोर्ट से शिक्षकों को बड़ी राहत

# प्रदेश सरकार को दिया आदेश- प्राइवेट कॉलेज के टीचर्स के सातवें वेतनमान पर निर्णय करें

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से स्क्कके अनुदान प्राप्त प्राइवेट कॉलेजों के टीचर्स को ब?ी राहत मिली है। कोर्ट ने सरकार को कहा है कि ऐसे कॉलेजों के टीचर्स को सातवें वेतनमान का लाभ देने पर विचार किया जाए। जस्टिस अतुल श्रीधरन की एकलपीठ ने मप्र अशासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की याचिका पर जल्द निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिए।मप्र अशासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष और जीएस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी और डीएन जैन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेष कुमार जैन ने याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2014 में मप्र विरुद्ध डॉ. शारिक अली के मामले में दिए दिशा-निर्देशों और न्याय दृष्टांत के आधार पर इस आवेदन पर फैसला लेने को कहा है।



### 6वें वेतनमान का लाभ मिल चुका है

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश के सभी शासकीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 7वें वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। शासकीय की तरह अशासकीय महाविद्यालयों में भी नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम और कॉलेज कोड-28 के तहत ही नियुक्तियां होती हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने 2014 अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को 6वें वेतनमान का लाभ देने के आदेश दिए थे।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी सरकारी कॉलेज के टीचर्स और कर्मचारियों के समान वेतन दिया जाए। प्रदेश में शासन से अनुदान प्राप्त 75 प्राइवेट कॉलेज संचालित हैं।

## बसपा के शासन में 364 दंगे

# सपा कार्यकाल में 700 से ज्यादा दंगे हुए:योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। योगी के साथ अनुराग ठाकुर, कौशल किशोर और दिनेश शमाज़ू भी साथ हैं। योगी ने कॉन्फ्रेंस शुरू करने के लिए यूपी सरकार के 5 साल के कामकाज को प्रस्तुत करती एक फिल्म भी दिखाई। यूपी चुनाव के लिए यहां भाजपा का थीम सांग रिलीज किया।योगी ने कहा कि बीते 5 साल में भाजपा सरकार ने क्या किया



है, ये बताना मेरा परम दायित्व है। योगी ने कहा कि कोरोना काल में जीवन और जीविका को बचाने के लिए हमने जो किया, उसे दुनिया ने सराहा। योगी ने बताया कि अब तक 26 करोड़ 48 लाख कोविड वैक्सीन के डोज लग चुके हैं। हमारे यहां के छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने राजस्थान के कोटा गए थे, हमने उन्हें लॉकडाउन के दौरान उन्हें सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया।



## नवजोत सिद्धू को कांग्रेस का झटका

**उत्तराखंड।** कांग्रेस ने नवजोत सिद्धू को बड़ा झटका दिया है। उन्हें उत्तराखंड में प्रचार के लिए कांग्रेस ने अपनी स्टार कैंपेनर लिस्ट में शामिल नहीं किया है। कांग्रेस की तरफ से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह समेत 30 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की गई है। इनमें मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का नाम भी शामिल है, लेकिन सिद्धू का नाम गायब है। सिद्धू के लिए यह बड़ा झटका इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी लोकप्रियता के बल पर ही पंजाब में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस ने उत्तराखंड में उनकी लोकप्रियता के दावे को तरजीह नहीं दी।

# दिल्ली में बारिश ने बढ़ाई ठंड

## पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी का एलर्ट



**दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने से देश के कई राज्यों में फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना बन रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और ब ?बारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग देहरादून ने गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय जिलों में भारी से लेकर बहुत अधिक भारी बारिश की आशंका जताई है। भारी बारिश और ब ?बारी की आशंकाओं को देखते हुए कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी और टिहरी जैसे जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लु, शिमला, स्पीति जैसे इलाकों में अगले 48 घंटों तक भारी बर्फबारी की आशंका जताते हुए येलो एलर्ट जारी किया गया है।

### दिल्ली में भी बारिश

राजधानी दिल्ली में भी आज मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में बारिश हुई। IMD के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आज दिन भर गरज के साथ हल्की से मध्यम श्रेणी की बारिश हो सकती है। हिंडन, लोनी, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में भी इसका असर दिखेगा।

## अमेरिका ने अपने एथलीट्स से कहा- रेगुलर मोबाइल फोन चीन न ले जाएं

# बीजिंग विंटर ओलिंपिक्स में एक दिन बाकी

**न्यूयॉर्क।** चीन की राजधानी बीजिंग में शुक्रवार यानी 4 फरवरी से विंटर ओलिंपिक्स का आगाज हो रहा है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने खेलों का डिप्लोमैटिक बायकॉट किया है। अब अमेरिका ने एथलीट्स की सुरक्षा के लिहाज से एक और कदम उठाया है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी FBI ने अमेरिकी एथलीट्स से कहा है कि वो अपने रेगुलर मोबाइल फोन चीन न ले जाएं, बल्कि इनकी जगह प्रीपेड बर्नर फोन का इस्तेमाल करें। बर्नर फोन का मतलब ऐसे मोबाइल फोन्स से है, जो सस्ते और कामचलाऊ होते हैं। इन्हें इस्तेमाल के बाद नष्ट यानी डेस्ट्रॉय किया जा सकता है। 2002 में HBO की ड्रामा सीरीज में पहली बार 'बर्नर फोन' शब्द का इस्तेमाल हुआ था। बर्नर टर्म का मतलब यूज एंड थ्रो माना जा सकता है।




### आखिर खतरा किस बात का

अमेरिका और दुनिया के कई देशों को लगता है कि उनके एथलीट्स के फोन के सेफ्टी फीचर्स को किसी बग के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। चीन में इस तरह की हरकतें आम हैं। वो अपने नागरिकों के साथ भी यही हरकत करता रहा है। इससे बचने के लिए ही FBI ने अमेरिकी एथलीट्स को सख्त आदेश जारी किए हैं कि वो अपने आईफोन या स्मार्टफोन घर पर ही छोड़कर जाएं। इनकी जगह टेम्परेरी फोन इस्तेमाल करें। बीजिंग विंटर ओलिंपिक्स 4 से 20 फरवरी तक होंगे।वैसे अमेरिका ही क्यों, कई पश्चिमी देशों की नेशनल ओलिंपिक कमेटीज ने भी अपने एथलीट्स को भेजे सर्कुलर में साफ कहा है कि वे अपने पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बीजिंग लेकर न जाएं, क्योंकि वहां साइबर सिक्योरिटी एक बहुत बड़ा चैलेंज है।

### अमेरिकी एजेंसियां पहले ही सतर्क

अमेरिकी अफसर और FBI की साइबर सिक्योरिटी यूनिट पिछले साल फरवरी से ही चीन पर नजर रख रही है।



## राजगढ़ कोर्ट का फैसला

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**राजगढ़।** राजगढ़ में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट डॉ.अंजली पारे की अदालत ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। घटना 3 अक्टूबर 2019 की है। आरोपी एक नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर जीप में बैठाकर अगवा कर जंगल में ले गया और जंगल में बनी झोपडी में उसके साथ जबरदस्ती बार-बार दुष्कर्म किया।

## पूर्व पुलिस कमिश्नर ने ED को बताया

# CM उद्धव ने दिए थे सचिन वझे की बहाली के आदेश

मुंबई। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने ठाकरे परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (श्ष्ठ) को दिए बयान में परमबीर ने कहा कि 16 साल से सस्पेंड चल रहे मुंबई पुलिस के एपीआई सचिन वझे को बहाल करने के निर्देश सीधे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दिए थे। इसके बाद उद्धव के बेटे और राज्य के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी सचिन वझे को बहाल करने के लिए कहा था।सचिन वझे मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर गाड़ी में विस्फोटक रखने और उस गाड़ी के मालिक मनसुख हिरेन की



हत्या के मामलों का मुख्य आरोपी है। फिलहाल वह मुंबई की तलोजा जेल में बंद है। महाराष्ट्र पुलिस ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है। परमबीर पर आरोप है कि उन्होंने जूनियर होने के बावजूद सचिन वझे को कई महत्वपूर्ण केस की जिम्मेदारी दी थी।वझे का नाम सामने आने के बाद परमबीर सिंह ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर भी पुलिस के जरिए 100 करो? की वसूली करने की कोशिश का आरोप लगाया था।

# भाजपा की बूथ विस्तार योजना दो साल बाद की रणनीति

**कटनी।** कटनी में राजनीतिक दलों की सक्रियता अचानक बढ़ गई है। बढ़े भी क्यों न धीरे धीरे समय चुनावी जो आ रहा है। हालांकि अभी विधानसभा चुनाव को पूरे दो साल बाकी हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी दो साल पहले से ही चुनावी तैयारियों में जुटी है। दरअसल पार्टी कार्यकर्ताओं से एक्टिव मोड में हमेशा रखना चाहती है। इसी के मद्देनजर पूरे प्रदेश में बूथ विस्तार अभियान चलाया जा रहा है। इस बूथ विस्तार अभियान को अगर आप समझने की कोशिश करेंगे तो निश्चित ही लगेगा कि भाजपा की तैयारी काफी गंभीरता से जारी है। वैसे तो यह 30 जनवरी तक चलना था लेकिन इसे 5 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। मतलब साफ है कि इसका पूरा काम अभी बाकी है। सूत्रों की मानें तो 5 फरवरी के बाद इसे और भी आगे बढ़ाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसे 10 फरवरी तक बढ़ाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी 51 फीसदी वोट बैंक के साथ किसी भी चुनाव में फतह के लिए इसे ऐसा अभियान बनाना चाहती है कि आधे से अधिक मतदाता का पूरा डेटा ही उसके पास हो। इसके लिए संगठन एप में नए कार्यकर्ताओं की पूरी एंट्री की जा रही है। वहीं एंट्री में कोई गल्ती न हो इसके लिए बकायदा भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा रोजाना प्रगति रिपोर्ट ले रहे हैं। यह उनका संसदीय क्षेत्र भी है अत: संगठन यहां पूरी सतर्कता के साथ जुटा है। भाजपा के तीनों विधायक भी बूथ विस्तार अभियान मे जुट कर विस्तारक की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। सिर्फ बूथ विस्तार ही नहीं भाजपा के नेता वार्ड वार्ड पहुंच कर लोगों से संवाद भी कर रहे हैं ताकि लोगों के मन की बात जानी जा सके। इस क्रम में कमन पुष्प अभियान के तहत शहर के पुराने भाजपाईयों का सम्मान भी किया जा रहा है। भाजपा के इस अभियान की चर्चा पूरे जिले में है। बूथ स्तर पर इस अभियान को लेकर कार्यकर्ता घूमते नजर आ रहे हैं। साफ है पंचायत और निकाय चुनाव तो ठीक भाजपा दो वर्ष बाद के विधानसभा और करीब ढाई वर्ष बाद लोकसभा चुनावों की तैयारी करती प्रतीत है। अभियान के बाद कांग्रेस ने भी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के सुध लेने की योजना पर काम शुरू किया है। बूथ विस्तार की जगह द्वार द्वार संपर्क अभियान को कांग्रेस ने शुरू किया है। खुद कमलनाथ इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। कटनी में कांग्रेस कार्यकर्ता द्वार संपर्क के इस अभियान में जुटे हैं।



## समर्पण निधि संग्रह अभियान : तीन जिलों के प्रभारी बने संजय पाठक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत, प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार समर्पण निधि संग्रह वर्ष 2022 का कार्य 11 फरवरी 2022 पं. दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रारम्भ होने जा रहा है। जिले में समर्पण निधि संग्रह के कार्य हेतु प्रदेश से जिलाश: प्रभारी नियुक्त किये गये है। कटनी से विधायक तथा पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक को तीन जिलों का प्रभारी बनाया गया है जो कटनी के साथ शहडोल तथा उमरिया जिले में इस अभियान में प्रभावी रूप से जिले के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न कराएंगे। इसके अलावा अन्य जिलों में भी पार्टी के कद्दावर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है और तो और प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री भी इस अभियान में जुटेंगे।



## गरीबों का बाजार



हर बुधवार को चौपाटी में लगने वाला बुधवारी बाजार गरीबों के लिए बड़ा सहारा है। यहां कम दाम में पसंद के कपड़े मिल जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आकर रोजगार करने वाले फुटपाथी कारोबारियों के लिए भी यह बाजार जीविकोपार्जन का जरिया है।

# बसंत पंचमी के दिन विशिष्ट संयोग
## कल सरस्वती पूजन, जिले में कई कार्यक्रम
### बुद्धादित्य और केदार योग बहुत विशिष्ट और शुभ

**कटनी।** बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का अवतरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती के पूजन का विधान है। बसंत पंचमी का त्योहार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन से शीत ऋतु की समाप्ति और बसंत ऋतु की शुरूआत होती है। बसंत पंचमी के काम देव का भी पूजन किया जाता है। इस साल पंचमी की तिथि कल 05 फरवरी को पड़ रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस साल बसंत पंचमी के दिन विशिष्ट संयोग का निर्माण हो रहा है। इस योग में मां सरस्वती का पूजन करना शिक्षा क्षेत्र में सफलता का दायक होगा। कटनी शहर ही नहीं संपूर्ण जिले में बसंत पंचमी पर विविध आयोजन होंगे। स्कूल खुल चुके हैं लिहाजा स्कूलों में सरस्वती पूजन के आयोजन किये जाएंगे। मंदिरों में भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना होगी। कटनी की प्रसिद्ध जालपा मढ़िया में स्थिति मां सरस्वती की प्रतिमा को विशेष श्रंगार किया जाएगा। यहां मां सरस्वती सहित मां जालपा की आराधाना होगी।




#### बसंत पंचमी के विशिष्ट संयोग –

बसंत पंचमी का त्योहार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। पंचांग गणना के अनुसार पंचमी की तिथि 05 फरवरी को सुबह 03 बजकर 47 मिनट से शुरु हो कर अगले दिन 06 फरवरी को सुबह 03 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। इस कारण बसंत पंचमी का पर्व 05 फरवरी को ही मनाया जाएगा। इसके साथ ही इस दिन विशिष्ट संयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार बसंत पंचमी के दिन सूर्य और बुध ग्रह मकर राशि में एक साथ विद्यमान होगें। जिस कारण बुद्धादित्य योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ इस दिन सभी नव ग्रह चार राशियों में ही रहेंगे, जो कि केदार योग का भी निर्माण हो रहा है।

#### बुद्धादित्य और केदार योग

ज्योतिषाशास्त्र में बुद्धादित्य और केदार योग को बहुत विशिष्ट और शुभ माना जाता है। बसंत पंचमी के दिन बुद्धादित्य योग का संयोग और भी लाभ प्रद हो जाता है। क्योंकि बुध ग्रह को वाणी,संचार और बुद्धि कौशल का ग्रह माना जाता है। बसंत पंचमी पर ज्ञान, कला और बुद्धि की देवी मां सरस्वती का पूजन इस योग में करना सफलता का प्रदाता है। बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 43 मिनट से दिन में 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा।

## गुप्त नवरात्र शुरू

माघ माह के गुप्त नवरात्र आज से शुरू हो रही हैं। जिसका समापन नौ फरवरी होगा। इस बार द्वितीया तिथि का क्षय होने से गुप्त नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। इन दिनों में मातारानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। पहले दिन बुधवार को मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि माघ मास की गुप्त नवरात्र दो फरवरी से शुरू होंगी। तिथि क्षय के कारण इस बार देवी आराधना का पर्व काल आठ दिवसीय रहेगा। त्रिग्रही योग बन रहा है। सालों बाद इस प्रकार की स्थिति बन रही है। बता दें कि प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ एक फरवरी को सुबह 11:16 बजे से हो गया है। यह तिथि बुधवार को सुबह 8:31 बजे तक रहेगी। प्रतिपदा तिथि सूर्योदय व्यापनी होने के कारण गुप्त नवरात्र का प्रारंभ दो फरवरी से माना जाएगा। इन नवरात्र में द्वितीय तिथि का क्षय होने के कारण प्रतिपदा एवं द्वितीया प्रथम दिन ही मनाई जाएगी।0 दो फरवरी को घट स्थापना, तीन फरवरी को गौरी तृतीया व्रत पूजन, चार फरवरी को वर्ग विनायक तिल चतुर्थी, पांच फरवरी वसंत पंचमी व सरस्वती जयंती, छह फरवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 5:09 बजे से प्रारंभ होकर दूसरे दिन सुबह 7:23 बजे तक रहेगा। सात फरवरी को नर्मदा जयंती, आठ फरवरी को भीमा अष्टमी पर्व व सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 9:26 बजे से प्रारंभ होकर दूसरे दिन 7:21 बजे तक रहेगा। नौ फरवरी को नवरात्र पूजन होगा। घटस्थापना का मुहूर्त बुधवार सुबह 7:04 से 8:25 तक शुभबेला, सुबह 8:26 से 9:40 तक अमृत बेला का रहेगा।

# पता नहीं कब चुपके से पीछे आ जाते हैं ई-रिक्शा, आटो की शहर में धमाचौकड़ी
## रेलवे स्टेशन सबसे ज्यादा प्रभावित
### शहर में निरंतर बढ़ रहे ई रिक्शा, सरकार की तरफ से कई सहूलियत

**कटनी।** कटनी शहर में अब ई आटो रिक शा बहुतायत में होते जा रहे हैं। शहर में इन आटो रिक शा की बेतरतीबी भी बढ़ती जा रही है। प्रदूषण रोकने सरकार ने इन आटो रिक शा को कई सहूलियत भी दे रखीं हैं। सड़क पर दौड़ते सह ई रिक शा बिना आवाज के चलते हुए कब आपके पीछे आ जाएं कुछ नहीं कहा जा सकता । उधर कटनी के सबसे व्यस्त क्षेत्र रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो रिक्शा और ई रिक शा खड़े किए जाने को लेकर स्थान निर्धारित किया गया है। बावजूद इसके ऑटो चालक स्टेशन गेट के बाहर ऑटो खड़ा कर रहे हैं। स्टेशन गेट के बाहर ऑटो रिक्शा खड़ा किए जाने से यात्रियों को स्टेशन से आने और जाने दोनों में ही परेशानी होती है।



स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र में आरपीएफ कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है। आरपीएफ कर्मियों की ड्यूटी स्टेशन के बाहर तभी लगाई जाती है जब कोई रेलवे का अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी लगने से कोई भी ऑटो रिक्शा स्टेशन गेट पर नहीं आता है। निरीक्षण कर अधिकारी जैसे ही वापस लौटते हैं स्थिति दोबारा जस की तस हो जाती है। निरीक्षण के समाप्त होते ही आरपीएफ कर्मी चले जाते हैं जिसके कारण ऑटो रिक्शा चालक फिर सवारी की लालच में रिक्शा को गेट पर ही खड़ा कर देते हैं।

रेलवे स्टेशन के बाहर सबसे अधिक परेशानी सुबह के समय होती है। इस समय यात्री ट्रेनों का दबाव अधिक रहता है। प्लेटफार्म में यात्री ट्रेन से उतरने के बाद स्टेशन के बाहर आते हैं तो वहां पर ऑटो रिक्शा चालक जाम लगाए खड़े रहते हैं। ऑटो रिक्शा के कारण यात्रियों को निकलने में परेशानी होती है।

इसके अलावा शाम के समय भी इसी तरह की परेशानी होती है। सवारियों की लालच में ऑटो रिक्शा चालक स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास ही ऑटो रिक्शा खड़ा कर देते हैं।

नीरज सिनेप्लेक्स में




अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# जरा सी चूक में डिजिटल ट्रांजेक्शन को निशाना
## डिजिटल क्रांति के लिए सरकार जुटी पर जानकारी का अभाव पहुंचा रहा नुकसान

**कटनी।** कटनी में निरंतमर मोबाइल से ट्रांजेक शन या फिर ई कामर्स से खरीददारी लोगों को मुसीबत में डाल रही है। कल भी एक ऐसा मामला सामने आया जब एक व्यक्ति के पास आए लिंक को खोलते ही उसका एकाउंट खाली हो गया। देश में भले ही डिजिटल क्रांति के लिए सरकार जुटी है लेकिन अभी भी इसे लेकर लोगों में जानकारी आ आभाव है जो नुकसानन पहुंचा रहा है। मोबाइल लोगों की दिनचर्या का प्रमुख हिस्सा बन गया है। चिंताजनक बात यह है कि इससे जुड़े आर्थिक अपराध के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन ठगी के लगातार बढ़ते मामलों ने साइबर सुरक्षा-व्यवस्था की पोल खोल दी है। साइबर अपराधी अपराध के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। जबकि, पुलिस उनके आस-पास भी नहीं फटक पाती। उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान को रोकने से लेकर उसकी भरपाई के प्रयास नाकाफी हैं। जानकारों का कहना है कि समय आ गया है कि बैंक खातों का भी बीमा किया जाए। ताकि, बैंक वालों की जिम्मेदारी तय हो। आम लोगों का आर्थिक दोस्त बना मोबाइल, उधर साइबर अपराधियों ने बनाया लूट का जरिया बनता जा रहा है।



#### ऑनलाइन धोखाधड़ी से नुकसान क

-5 साल में ऑनलाइन ठगी की राशि सलाना 2 करोड़ 63 लाख रुपए से बढ़कर 26 करोड़ 85 लाख रुपए तक पहुंच गई।
- साल दर साल ऑनलाइन ठगी की राशि पर नजर डालें तो 2021 में 26.85 करोड़ रुपए, 2020 में 11.46 करोड़, 2019 में 5.47 करोड़, 2018 में 4.91 करोड़ और 2017 में 2.63 करोड़ रुपए की ठगी के मामले दर्ज हुए। - 402 ऑनलाइन ठगी के मामले 2021 में दर्ज हुए, इससे पहले 2020 में 338, 2019 में 245, 2018 में 211 और 2017 में 170 मामले दर्ज हुए।

#### कुछ घटनाएं

- किराना दुकान का कारोबार बढ़ाने के लिए विज्ञापन देखकर चंडीगढ़ की कंपनी में फोन लगाया। पांच लाख रुपए लोन स्वीकृत बताकर पहले पंजीयन फिर बीमा के लिए रुपए लिए। फिर अलग-अलग खातों में धीरे-धीरे सवा दो लाख रुपए ले लिए और मोबाइल भी बंद हो गया। 10 जून 2019 को शिकायत की थी, दो साल बाद भी रकम नहीं मिली।

इसी तरह आंगन में खेती का औजार ठीक कर रहा था। तभी एक आदमी कार से उतरा। पीएम आवास के बारे में मजदूरी की जानकारी ली और आधार कार्ड मांगा। बैलेंस बताने के नाम फिंगर प्रिंट लगवाया। पत्नी का भी फिंगर लगवाया और 15 दिन बाद खाते में मजदूरी आने की बात कहकर चला गया। उसके जाते ही शक हुआ। बैंक जाने पर पता चला कि पति-पत्नी के खाते से 23 हजार रुपए निकल गए।

# कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा के आधार पर कार्य करने किया प्रेरित



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी कटनी नगर मुड़वारा मंडल में बूथ विस्तार योजना का कार्य कटनी नगर मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कमल पुष्प अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता लोटन प्रसाद स्वर्णकार का भगवा वस्त्र पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर जिला प्रभारी संजय साहू के द्वारा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व महामंत्री आशीष गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, शैलेंद्र चंपुरिया वार्ड प्रभारी भावेश रजक, रमाकांत सोनी बॉबी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्यामू सोनी सहित परिवार जनों के उपस्थिति रही वरिष्ठ भाजपा नेता सामान्य लोटन प्रसाद स्वर्णकार ने पार्टी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं समस्त उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## सात स्थानों से 32 लीटर शराब जब्त

**कटनी ।** अलग- अलग थाना क्षेत्रों में सात स्थानों में 32 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है । जब्त शराब की कीमत साढ़े चार हजार रुपए बताई गई है । एनकेजे थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पहला कटंगी खुर्द में दिनेश उर्फ बबलू असाटी से 3 लीटर कच्ची शराब ए सुर्खी टैंक के पास कुसुम निषाद से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब ए एनकेजे के ही दुर्गा चौक खिरहनी में मनीष पटैल पिता नंदलाल पटैल से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त हुई है । स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के यात्री प्रतीक्षालय ग्राम देवरी में विमल उर्फ विमलू लोधी से 5 लीटर हाथ भट्टी शराब, बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम बरही में श्रीमति विनोद बाई यादव से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब पकड़ी गई है। वहीं उमरिया पान थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेढ़ी में संतोष कुमार चौरसिया से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब ए बरही थाना क्षेत्र के ग्राम मिडकी में दीपक बर्मन से 10 लीटर कच्ची शराब जब्त हुई है ।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# एक जनवरी के बाद प्रदेश लौट रहे प्रवासी श्रमिकों का किया जाए पंजीयन

## श्रम विभाग ने समस्त कलेक्टर्स को जारी किये निर्देश

**कटनी। मध्यप्रदेश के मूल निवासी प्रवासी श्रमिक, जो एक जनवरी 2022 को या उसके बाद मध्यप्रदेश लौट रहे हैं, का प्रवासी श्रमिक पोर्टल एवं रोजगार सेतु पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए। श्रम विभाग ने इस संबंध में समस्त कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं। पूर्व में एक अप्रैल 2021 या उसके बाद मध्यप्रदेश लौटे प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन के संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये थे।**

प्रदेश में कोविड-19 की विपरीत परिस्थितियों के कारण मध्यप्रदेश के मूल निवासी श्रमिक, जो दूसरे राज्यों में नियोजित थे, मध्यप्रदेश वापस लौट रहे हैं या राज्य के अन्दर अन्य जिलों से लौट रहे हैं। इन सभी को शासन की विभिन्न योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ दिया जाना है। इसके लिये इनके सर्वे, सत्यापन तथा पंजीयन की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ की जानी है। यह कार्य ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा तथा नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के वार्ड प्रभारियों द्वारा किया जाएगा। प्रवासी श्रमिक, जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी नहीं है, उन्हें सर्वे में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मूल निवासी प्रवासी श्रमिकों का सर्वे किया जाएगा, जो मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना (संबल) अथवा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना में पंजीयन के लिये पात्रता रखते हैं। साथ ही अन्य राज्यों में कारखानों, उद्योगों में नियोजित म.प्र. के मूल निवासी श्रमिक, जो मध्यप्रदेश लौट रहे हैं, का भी सर्वे एवं सत्यापन किया जाएगा। रोजगार सेतु पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे मध्यप्रदेश रोजगार पोर्टल से भी जोड़ा गया है।

इस पर सर्वे किये गये समस्त प्रवासी श्रमिकों की जानकारी उनके कौशल एवं निवास के जिले अनुसार उपलब्ध है। प्रवासी श्रमिकों में निर्माण श्रमिकों की 43, असंगठित श्रमिकों की 40 तथा कारखानों में नियोजित श्रमिकों की 9 श्रेणियां अंकित हैं। पोर्टल पर उन नियोजकों की भी जानकारी प्रदर्शित रहेगी, जिन्हें श्रमिक,मजदूरों की आवश्यकता है। प्रवासी श्रमिक इन नियोजकों से रोजगार के लिए पोर्टल पर दर्ज फोन अथवा ई-मेल से स्वयं भी संपर्क कर सकते हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा सर्वे में अंकित जिन प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराया गया है, उन्हें रोजगार सेतु पोर्टल पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक द्वारा अंकित किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर प्रवासी श्रमिकों को रोजगार दिलाने के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जो नियमित रूप से कार्य की समीक्षा करेगी। कलेक्टर को निर्देश दिये गये हैं कि प्रवासी श्रमिकों संबंधी सर्वे, सत्यापन एवं पंजीयन कार्य कोविड प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन करते हुए सुनिश्चित किया जाए। समस्त प्रवासी श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड भी अनिवार्यतः बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### असंगठित श्रमिकों की 40 श्रेणियां

साईकिल रिक्शा चालक, हाथठेला चालक, शहरी घरेलू कामकाजी महिला, हॉकर, फेरीवाले, कृषि कार्य, हम्माल एवं तुलावटी, बुनकर, केश शिल्पी, मत्स्य पालक, दुकान, रेस्टोरेंट व्यापार में संलग्न, परिवहन कार्य, मनरेगा कार्य, पत्थर तोड़ने तथा दलने वाले, पक्की ईंट तथा टाइल्स बनाने वाले, सिलाई करने वाले, सुगंधित तीलीयाँ एवं अगरबत्ती बनाने वाले, पापड़ अचार जेम्स आदि बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, चमड़े का शोधन करने वले, जूतू तथा कपड़े की वस्तु एवं मरम्मत कने वाले, साफ-सफाई तथा झाड़ू बहारू करने वाले, रैगपिकर्स, कढ़ाई, कढ़ाई की सजावट तथा वस्त्र बनाने मेंनियोजित, आटा तेल दाल तथा चावल मिल में नियोजित, प्राइवेट सुरक्षा सेवा, प्लास्टिक उद्योग, बर्तन बनाने वाले, लकड़ी का कार्य करने वाले, दरी तथा कारपेट बनाने वाले, आतिशबाजी तथा माचिस उद्योग, डब्बे तथा पैकिंग कार्य, कबाड़ी, दुग्ध उद्योग, वनोपज कार्य, रेशम उत्पादन, कपड़ों की रंगाई, रेत खदान मिट्टी खदान, लदाई, उतराई, ठेर लगाई, पैकिंग करने, वहन करने, तौलने, मापने में नियोजित, खदानों में नियोजित, खादी हाथकरघा तथा पॉवर लूप उद्योगों में तथा शिप्ली जैसे - बढ़ई, लोहार, गारा बनाने वाले कुम्हार आदि।



# 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा नियत कार्यक्रम अनुसार ही

**कटनी।** स्कूल शिक्षा स्वतंत्र प्रभार और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा नियत परीक्षा कार्यक्रम अनुसार ही होंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल से सम्बद्ध सभी विद्यालयों में कक्षा 10वीं की परीक्षा 18 फरवरी और कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 17 फरवरी से आयोजित की जाएगी। सभी विद्यार्थी पूरे मनोयोग, उत्साह और मेहनत से परीक्षा की तैयारी करें।

राज्य मंत्री श्री परमार ने मंत्रालय में माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा तैयारी के संबंध में बैठक ली। राज्य मंत्री श्री परमार ने निर्देश दिए कि कोरोना की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था रखें। छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराने के लिए परीक्षा केंद्र की संख्या बढ़ाए। सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल श्रीकांत भनोट ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली है। रजिस्ट्रार उमेश कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पूर्व में ही वर्ष 2022 की कक्षा 10वीं, 12वीं, 12वीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा,शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण, विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) के परीक्षा कार्यक्रम घोषित किए हैं। सभी परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 1 बजे के बीच होंगी। कक्षा 10वीं और 12वीं के नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं उनके विद्यालय में 12 फरवरी से 25 मार्च और स्वाध्यायी छात्रों की उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर 17 फरवरी से 20 मार्च के मध्य संचालित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं।

# स्वच्छता संकल्प के रूप में मनाया जाएगा फरवरी का महीना

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्रानुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा माह फरवरी -2022 को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं। स्वच्छता संकल्प माह का उद्धेश्य जिले के नगरीय निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की तैयारी पूरी कर प्रदेश को देश में सर्वोच्च स्थान पर लाना है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में प्रत्येक नगरीय निकाय को ओडीएफ प्लस प्लस प्रमाणीकरण प्राप्त करने गार्बेज -फ्री की स्टार रेटिंग में नगर निगमों को 5 स्टार तथा अन्य निकायों को 3 स्टार प्राप्त करने के निर्देश प्रदान किये गए है। प्रेरक दौड श्रेणी में सभी निकायों को कम से कम गोल्ड, सिल्वर प्राप्त करने के निर्देश प्रदान किये गए है।

स्वच्छता संकल्प माह 01 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया जावेगा। स्वच्छता संकल्प माह के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के लिये आयोजित की जानें वाली आवश्यक गतिविधियां का कैलेण्डर जारी किया गया है। जारी कलेण्डर अनुसार 1 से 5 फरवरी तक थीम स्टार रेटिंग के तहत प्लास्टिक प्रतिबंध, सी.एंड डी अपशिष्ट संग्रहण, प्रसंस्करण केन्द्रों का रख रखाव एवं संधारण, जलाशयों,नालों की सफाई, विशेष सफाई अभियान, थोक अपशिष्ट उत्सर्जक, होम कंपोस्टिंग आदि गतिविधियों का संचालन किया जावेगा। 6 से 10 फरवरी तक ओ.डी.एफ प्लस प्लस अन्तर्गत पोर्टल पर डाटा अपडेट, सार्वजनिक शौचालयों एवं यूरिनल्स की सफाई, 11 से 15 फ़रवरी तक सिटीजन फीडबैक एवं एंगेजमेंट के तहत विभिन्न गतिविधियां, 16 से 20 फरवरी तक समस्त अधोसंरचना निर्माण गतिविधयां आयोजित की जाएंगी तथा एफ. एस. टी. पी. का मैटेरियल रिकवरी केन्द्रों, कम्पोस्टिंग इकाइयों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री द्वारा 21 से 25 फरवरी 2022 तक संवाद, समीक्षा एवं अधोसंरचनाओं का लोकार्पण, 25 से 27 फरवरी तक स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सिटी सेनिटेशन एक्शन प्लान एवं 28 फरवरी को समापन गतिविधियां आयोजित की जावेगी। समापन दिवस के अवसर पर नगरीय निकायों की टीम कचरा संग्रहण वाहनों के साथ नगर भ्रमण करेगी। यह दिन पृथक्कीकृत कचरा संग्रहण दिवस के रूप में आयोजित किया जाकर वार्डो में कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों और सहयोगियों को शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने शासन निर्देशों के परिपालन में जारी कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों को आयोजित करने हेतु नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सहित निगम की संबंधित शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

# बूथ विस्तार में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

## कटनी जिले में बूथ विस्तार कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों की उत्साहजनक भागीदारी

**कटनी।** बूथ विस्तार योजना में जिले के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुटे हैं। संगठन के योजना से सम्बंधित दायित्ववान कार्यकर्ता बूथों पर न सिर्फसंगठन का विस्तार कर रहे वरन जनता से संवाद भी जर रहे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि बूथ विस्तार योजना के जिला प्रभारी चेतन हिंदूजा तथा विधानसभा के प्रभारी सुनील उपाध्याय, सतीश तिवारी, राजेश चौधरी, विजय दुबे द्वारा निरन्तर योजना के तहत चल रहे कार्य की समीक्षा की जा रही। बूथों में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक है। कई वार्डों में नए कार्यकर्ताओं के संगठन से जुड़ने का उत्साह दिख रहा है।

इसी क्रम में संगठन बूथ विस्तार योजना के तहत न्यू कटनी मंडल के बूथ क्रमांक 34, 35, 36 में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे,



महेश शुक्ला ने कटनी ग्रामीण मंडल के बडेरा के बूथ क्रमांक 23 में जिला मंत्री रामू साहू, देवरीहटाई मंडल के बूथ क्रमांक 128 में मण्डल अध्यक्ष नितिन पाण्डेय, बिलहरी मंडल के करहिया के बूथ क्रमांक 97 में मण्डल विस्तारक मयंक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, माधवनगर मंड़ल के बूथ क्रमांक 214 में एवं रामनिवास सिंह वार्ड में सौरभ अग्रवाल, सिलोड़ी मंडल के कछारगांव में मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, स्लीमनाबाद मंडल के बूथ क्रमांक 170, 171, एवं शक्ति केंद्र तेवरी में मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, लक्ष्मीकांत शुक्ला ने, रीठी मंडल के खि़रवा, खमरिया, वसुधा, अमगवा में अहिल्या राय,जेपी राय, चंदन सिंह ने, मुड़वारा मंडल के बूथ क्रमांक 10 में अनुराग त्रिसोलिया ने, कटनी ग्रामीण मंडल में विजय दुबे ने विभिन्न बूथों में पहुंचकर संगठन का विस्तार तथा एप विस्तारक के साथ डेटा की फीडिंग कराई। जिले के विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक कार्यकर्ता के सम्पर्क में रह कर योजना को सफल बनाने जुटे हैं। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह कटनी की बड़वारा विधानसभा में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहीं हैं।

# कहीं राशन कार्ड की समस्या तो कहीं नहीं बन रहे गरीबी रेखा कार्ड

## जनसुनवाई में आए 94 आवेदन, आवश्यक कार्रवाई के लिए विभागों को भेजे



**कटनी।** कोविड के चलते प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर आवेदकों से आवेदन लेकर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजे जा रहे हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में 94 आवेदकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर यथोचित् कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजकर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में आवेदक रामनिवास सिंह वार्ड निवासी फातमा बी ने घर के पास सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराने, ग्राम गैंतरा निवासी उर्मिला विश्वकर्मा ने राशन दिलाने, ग्राम पंचायत हिरवारा निवासी नाजरा बी ने गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। कांटी विजयराघवगढ़ निवासी रामकरण विश्वकर्मा ने पीएम आवास का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार अन्य विभागों से संबंधित भी आवेदन जनसुनवाई में आए। जिनको संबंधित विभागों को भेजकर प्राथमिकता पर निराकरण कराने के निर्देश प्रदान किए गए।

# कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही कर वसूले 11000 रूपये

**कटनी।** कोविड - 19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं बचाव हेतु जारी निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे निगम प्रशासन की स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण विभाग की गठित टीम के द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थलों में रोजाना अभियान चलाकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करनें वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही निगम के अतिक्रमण वाहन के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक



सावधानियों को अपनानें संबंधी मुनादी का कार्य नगर के सार्वजनिक स्थलों में कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं अतिक्रमण प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं बचाव हेतु जारी निर्देशों के परिपालन में आज स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम के द्वारा नदीपार, बस स्टेण्ड के बाहर मुख्य मार्ग, आचार्य विनोवाभावे वार्ड रपटा पेट्रोल पंप, माधवनगर गेट मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान चलाकर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन करने वालों पर 11000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# शहर के विभिन्न स्थलों में चला सफाई अभियान

## डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के साथ सेग्रीगेशन की जानकारी भी दी







**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण -2022 के तहत नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु आयोजित की जानें वाली निर्धारित गतिविधियों के तहत नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में दो पालियों के माध्यम से सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास अनवरत जारी है। रोजाना मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, नाले-नालियों, डिवाईडर, डस्टबिन की सफाई एवं डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से निर्धारित मापदण्डों अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी बताया कि तथा क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में स्वच्छता दूतों के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था के तहत नदीपार गौशाला मुख्य मार्ग के डिवाइडर, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित नदीपार मुख्य मार्ग, मुक्तिधाम परिसर, बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चोक प्वाइंट, गाटर घाट कॉम्पलेक्स प्वाइंट, आजाद चौक से शेर चौक, घंटाघर प्वाइंट, साधूराम स्कूल पवाइंट, राम जानकी हनुमान वार्ड मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड स्थित एन.के.जे. सब्जी मंडी, मिशन चौक तिराहा मुख्य मार्ग, भट्टा मोहल्ला, नेहरू वार्ड स्थित मैदान परिसर, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर, उपनगरीय क्षेत्र मानसरोवर कॉलोनी, माधवनगर की विभिन्न गलियों में झाडू का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

नागरिकों की सुविधा एवं नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया जाकर फारेस्टर वार्ड के रहवासियों को गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी से अवगत कराते हुए कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखकर निगम के कचरा वाहनों में ही कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने की अपील की गई।

नगर के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई एवं सुगम पानी की निकासी की व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थलों राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित कैलवारा रोड दुर्गा मंदिर के सामनें, महात्मा गांधी वार्ड, वीर सावरकर वार्ड स्थित रविदास नगर में दुर्गा मंदिर के पास, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रानी रावत के मकान के पीछे सफाई उपरान्त पानी निकासी का कार्य, सी.एल.पी वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों की सफाई सहित कावस जी वार्ड स्थित लल्लू साहू के मकान के सामनें, राम निवास सिंह वार्ड के विभिन्न सार्वजनिक नाले नालियों, संत कवरराम वार्ड सीवर लाईन के जाम की सफाई, रविन्द्र नाथ टैगोर वॉड स्थित चौधरी मोहल्ले की सर्वजनिक नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# मछुआरों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए संचालित हो रही योजना

## मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना के लिए आवेदन 15 तक

**कटनी।** सहायक संचालक मत्स्य उद्योग कटनी ने बताया कि मछली पालन कम समय तथा कम लागत में अधिक लाभ देने वाले सहायक व्यवसाय के रुप में ग्रामीण अंचलों में लोकप्रिय है। इस व्यवसाय की प्रमुख विशेषता यह है कि इसके उत्पादन के विक्रय के लिये बाजार की सहज उपलब्धता है और जिले में छोटी-बड़ी मछली का विक्रय आकर्षक मूल्यों में आसानी से हो जाता है। मछुआरों को समयानुसार तथा आवश्यकता अनुसार धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना जिले में लागू की गई है। ताकि मछुआरों बिचौलियों के शोषण से बच सकें। इस योजना अंतर्गत जिले के समस्त समिति, समूह, व्यक्तिगत मछुआ पालन, नदियों में मछली पकड़ने वाले एवं योजना से जुड़े हितग्राही सभी के मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस संबंध में जिले के समस्त हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे योजना का लाभ लेने अपने आवेदन पत्र के साथ तीन पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता, समग्र आईडी, तालाब का पट्टा आदि दस्तावेज के साथ 15 फरवरी तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.

क्रमांक/337/प्रवा.वि.अधि./2021 कटनी, दिनांक 03/01.2022

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)**
**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक संतोष विश्वकर्मा आ. स्व. श्री रामकुमार विश्वकर्मा (अविवाहित) उम्र लगभग 23 वर्ष (जन्म तारीख 25.05.1998) निवासी बरगवां चंदी की दफाई के पास नेहरू वार्ड मुड़वारा कटनी जिला कटनी म.प्र.-483501 एवं आवेदिका साक्षी मिश्रा पिता श्री प्रकाश मिश्रा (अविवाहित) उम्र लगभग 21 वर्ष (जन्म तारीख 06.05.2000) निवासी म.नं. 4 ग्राम घटेरा कैमोरी, जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.- 483113 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपये चालान क्रमांक 33 दिनांक 27.12.2021 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक के 30 दिवस के भीतर पेशी दिनांक **10/02/2022** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभावक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आगामी तिथि 10.02.2022**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)**

